Hindi / हिंदी


Australian Government

मतदान करना अनिवार्य है

आपकी आधिकारिक (ऑफ़िशिअल)

# जनमत-संग्रह पुस्तिका

इस पुस्तिका में शामिल हैं:





पृष्ठ 5




पृष्ठ 21

# इस पुस्तिका के बारे में

जनमत-संग्रह की इस आधिकारिक पुस्तिका में दो महत्त्वपूर्ण दस्तावेज़ हैं:
आपकी आधिकारिक Yes/No जनमत-संग्रह पुस्तिका, और
2023 के जनमत-संग्रह के बारे में आपकी आधिकारिक मार्गदर्शिका।




## पृष्ठ 5 आपकी आधिकारिक Yes/No जनमत-संग्रह पुस्तिका

### पृष्ठ 6 संविधान में क्या परिवर्तन हो सकते हैं

इस पृष्ठ पर संविधान में किए जाने वाले प्रस्तावित परिवर्तनों का कथन है।

> संसद के दोनों सदनों ने प्रस्तावित कानून को पारित कर दिया है: कॉन्स्टिट्यूशन ऑल्टरेशन (एबोरिजिनल एंड टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर वॉइस) 2023 (Constitution Alteration (Aboriginal and Torres Strait Islander Voice) 2023)

### पृष्ठ 7 Yes और No के समर्थन में तर्क

Yes मतदान के समर्थन में तर्क, और No मतदान के समर्थन में तर्क आमने-सामने प्रस्तुत किए गए हैं।

> Yes/No, के समर्थन में तर्क संसद के उन अधिकांश सदस्यों द्वारा प्रस्तुत गए हैं जिन्होंने संविधान में प्रस्तावित परिवर्तन के पक्ष में या विरोध में मतदान किया था और वे उन तर्कों को लोगों तक पहुँचाना चाहते थे।
>
> **AEC को Yes या No मतदान के समर्थन में दिए गए तर्कों में कोई परिवर्तन करने या उनकी सच्चाई को परखने का कानूनी अधिकार नहीं है।**




## पृष्ठ 21 2023 के जनमत-संग्रह के लिए आपकी आधिकारिक मार्गदर्शिका

आधिकारिक मार्गदर्शिका में मतदान करने और मतदान केंद्रों के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी और चुनाव आयुक्त की ओर से एक संदेश शामिल हैं।

> आधिकारिक मार्गदर्शिका ऑस्ट्रेलियन इलेक्टोरल कमीशन (AEC) ने तैयार की है।



# पुस्तिका के अनुवादित और सुलभ रूप

**आपकी आधिकारिक जनमत संग्रह पुस्तिका अंग्रेज़ी और सांस्कृतिक तथा भाषा की विभिन्नता के आधार पर विभिन्न भाषाओं में, तथा फ़र्स्ट नेशंस भाषाओं में (केवल ऑडियो के रूप में), और अंग्रेज़ी भाषा में नेत्रहीन तथा कम दृष्टि वाले मतदाताओं के लिए तथा ईज़ी रीड रूप में (केवल आधिकारिक मार्गदर्शिका) उपलब्ध है।**

**मतदान और जनमत संग्रह के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया 1300 720 153 पर फ़ोन करें जहाँ आपकी भाषा में सहायता उपलब्ध है।**

यह पृष्ठ जान-बूझ कर खाली छोड़ दिया गया है



Australian Government

मतदान करना अनिवार्य है

आपकी आधिकारिक

# YES | NO

# जनमत-संग्रह पुस्तिका

# संविधान में क्या परिवर्तन हो सकते हैं

## संविधान में किए जाने वाले प्रस्तावित परिवर्तनों का कथन

प्रस्तावित कानून, जिसका नाम होगा दि कॉन्स्टिट्यूशन ऑल्टरेशन (एबोरिजिनल एंड टोरिस स्ट्रेट आइलेंडर वॉइस) 2023 (Constitution Alteration (Aboriginal and Torres Strait Islander Voice) 2023), संविधान के अध्याय VIII के बाद निम्नलिखित खंड जोड़ कर परिवर्तन करेगा:

**अध्याय IX — रिकोग्निशन ऑफ एबोरिजिनल एंड टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर पीपल्स (Chapter IX—Recognition of Aboriginal and Torres Strait Islander Peoples)**

**129 एबोरिजिनल एंड टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर वॉइस (Aboriginal and Torres Strait Islander Voice)**

एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोगों के ऑस्ट्रेलिया के प्रथम निवासी होने को मान्यता देते हुए:

(i) एक निकाय होगा जिसका नाम एबोरिजिनल एंड टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर वॉइस होगा;

(ii) एबोरिजिनल एंड टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर वॉइस संसद और कॉमनवेल्थ की कार्यकारी सरकार में एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोगों से संबंधित मामलों में उनका प्रतिनिधित्व कर सकता है;

(iii) संसद को, इस संविधान को ध्यान में रखते हुए, एबोरिजिनल एंड टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर वॉइस से संबंधित कानूनों को बनाने का अधिकार होगा, इनमें उसकी संरचना, ज़िम्मेदारियाँ, प्राधिकार और कार्यविधियाँ शामिल होंगी।

प्रस्तावित क़ानून संविधान की विषय-सूची में 'अध्याय VIII ऑल्टरेशन ऑफ दि कॉन्स्टिट्यूशन' ('Chapter VIII Alteration of the Constitution') के बाद निम्नलिखित खंड को जोड़ने का परिवर्तन भी करेगा:

| | |
|---|---|
| अध्याय IX | रिकोग्निशन ऑफ़ एबोरिजिनल एंड टोरिस स्ट्रेट आइलेंडर पीपल्स |
| (Chapter IX | Recognition of Aboriginal and Torres Strait Islander Peoples) |



# अगले पृष्ठों में आप **Yes** और **No** वोट देने के बारे में केस (लेख) देखेंगे

प्रत्येक केस के तर्क फ़ेडरल पार्लियामेंट के उन अधिकांश सदस्यों और सीनेटरों द्वारा प्रस्तुत किए हैं जिन्होंने संविधान में प्रस्तावित परिवर्तन के पक्ष में या विरोध में मतदान किया था, और वे अपने तर्कों को लोगों तक पहुँचाना चाहते थे।

जिन लोगों ने संविधान में प्रस्तावित परिवर्तन के पक्ष में मतदान किया था और अपने तर्कों को लोगों तक पहुँचाना चाहते थे, उन्होंने Yes केस लिखा है, और जिन लोगों ने संविधान में प्रस्तावित परिवर्तन के विरोध में मतदान किया था और अपने तर्कों को लोगों तक पहुँचाना चाहते थे, उन्होंने No केस लिखा है।

*Referendum (Machinery Provisions) Act 1984* (Cth) की धारा 11(1) के अंतर्गत, दोनों लेखों पर अंग्रेज़ी के 2,000 शब्दों की सीमा लागू होती है।

# Yes

## वोट देने के लिए केस

**Yes** वोट देने के लिए केस **पृष्ठ 10**
पर आरंभ होता है
और फिर हर दूसरे पृष्ठ पर छपा है।

### एक प्रस्तावित कानून

ऑस्ट्रेलिया के प्रथम निवासियों को एक एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोगों की वॉइस की स्थापना करके मान्यता देने के लिए संविधान में परिवर्तन करना।

### A proposed law:

To alter the Constitution to recognise the First Peoples of Australia by establishing an Aboriginal and Torres Strait Islander Voice.

**इसे किसने लिखा**

**इस आशय के तर्कों की जानकारी (जो कि aec.gov.au/referendums/pamphlet.htm पर देखी जा सकती है), संसद के उन अधिकांश सदस्यों और सीनेटरों द्वारा अधिकृत की गई है जिन्होंने संविधान में प्रस्तावित परिवर्तन के पक्ष में मतदान किया था, और वे उन तर्कों को लोगों तक पहुँचाना चाहते थे। इस लेख को चुनाव आयुक्त द्वारा बिना किसी परिवर्तन के छापा गया है।**



# No

## वोट देने के लिए केस

**No** वोट देने के लिए केस **पृष्ठ 11**
पर आरंभ होता है
और फिर हर दूसरे पृष्ठ पर छपा है।

### एक प्रस्तावित कानून

ऑस्ट्रेलिया के प्रथम निवासियों को एक एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोगों की वॉइस की स्थापना करके मान्यता देने के लिए संविधान में परिवर्तन करना।

### A proposed law:

To alter the Constitution to recognise the First Peoples of Australia by establishing an Aboriginal and Torres Strait Islander Voice.

**इसे किसने लिखा**

**इस आशय के तर्कों की जानकारी (जो कि aec.gov.au/referendums/pamphlet.htm पर देखी जा सकती है), संसद के उन अधिकांश सदस्यों और सीनेटरों द्वारा अधिकृत की गई है जिन्होंने संविधान में प्रस्तावित परिवर्तन के विरोध में मतदान किया था, और वे उन तर्कों को लोगों तक पहुँचाना चाहते थे। इस लेख को चुनाव आयुक्त द्वारा बिना किसी परिवर्तन के छापा गया है।**

# Yes वोट देने के लिए केस

## एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोगों तथा सभी ऑस्ट्रेलियाई लोगों के बेहतर भविष्य के लिए Yes वोट दें।

## एकता, आशा और एक सकारात्मक बदलाव के लिए Yes वोट दें।

### YES वोट देने का अर्थ है:

**मान्यता देना**

- हमारे संविधान में एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोगों को **मान्यता देना** और 65,000 वर्षों से चली आ रही संस्कृति और परंपराओं का आदर करना।

**ध्यान से सुनना**

- सरकारें बेहतर निर्णय ले सकें, इस उद्देश्य से जो बातें एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोगों को प्रभावित करती हैं, उनके बारे में उन लोगों की सलाह पर **ध्यानपूर्वक विचार करना।**

**बेहतर परिणाम**

- मूलनिवासियों के स्वास्थ्य, शिक्षा, रोज़गार और आवास की परिस्थितियों में **वास्तविक विकास** करना ताकि लोग बेहतर जीवन जी सकें।

### यह परिवर्तन केवल आप लोग ही ला सकते हैं।

उस विचार को Yes का वोट दें जिसे स्वयं एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोगों ने प्रस्तावित किया है: **एक Voice के द्वारा संवैधानिक मान्यता (Constitutional Recognition through a Voice)।**

### यह Voice क्या है:

वॉइस (Voice) एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोगों की एक कमेटी होगी जो संसद और सरकार को उन मुद्दों के बारे में सलाह देगी जो उनके समुदाय को प्रभावित करते हैं।

इसमें प्रत्येक राज्य और टैरिटरी तथा टॉरस स्ट्रेट आइलैंड्स के मूल ऑस्ट्रेलियाई लोग और विभिन्न क्षेत्रों तथा दूर-दराज़ के समुदायों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

Voice के सदस्य एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोगों द्वारा उनके स्थानीय क्षेत्रों से से चुने जाएँगे और वे एक नियत अवधि के लिए अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगे।

### हमें इसकी आवश्यकता क्यों है:

एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोग बहुत सारी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं:

- जो लोग ऑस्ट्रेलिया के मूलनिवासी नहीं हैं, उनकी तुलना में जीवन प्रत्याशा 8 वर्ष कम होना।
- बीमार होने की और शिशुओं की मृत्यु-दर का अधिक होना।
- आत्महत्या की दर दुगुनी होना।
- शिक्षा और प्रशिक्षण के कम अवसर होना।

स्पष्ट है कि वर्तमान तरीका काम नहीं कर रहा है।

उपरोक्त अन्तरों को कम करने, समाधान खोजने और भविष्य के लिए योजनाएँ बनाने के लिए हमें उन मुद्दों के बारे में एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोगों की सलाह पर ध्यान देना होगा जिनका प्रभाव उनके जीवन और समुदायों पर पड़ता है।

### यह Voice किस तरह काम करेगी:

**इस Voice का संबंध सलाह से है।**

जब कोई सरकार उन मुद्दों पर लोगों की सलाह पर ध्यान देती है जो उन लोगों को प्रभावित करते हैं, तो वह:

- बेहतर निर्णय लेती है।
- बेहतर परिणाम हासिल करती है।
- अधिक प्रभावी ढंग से धन का उपयोग करती है।

यह Voice एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोग जिन मुख्य चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उनके बारे में सलाह देगी, जैसे शिशुओं के लिए बेहतर स्वास्थ्य से लेकर दूर-दराज़ के क्षेत्रों में बेहतर सेवाएँ प्रदान करना।

संसद और सरकार सभी कानूनों, कार्यक्रमों और उनके लिए धनराशि जुटाने के लिए फिर भी ज़िम्मेदार रहेंगी।

Yes केस पृ.12 पर जारी

**इसे किसने लिखा**

**इस आशय के तर्कों की जानकारी (जो कि aec.gov.au/referendums/pamphlet.htm पर देखी जा सकती है), संसद के उन अधिकांश सदस्यों और सीनेटरों द्वारा अधिकृत की गई है जिन्होंने संविधान में प्रस्तावित परिवर्तन के पक्ष में मतदान किया था, और वे उन तर्कों को लोगों तक पहुँचाना चाहते थे। इस लेख को चुनाव आयुक्त द्वारा बिना किसी परिवर्तन के छापा गया है।**



# No वोट देने के लिए केस

## NO वोट देने के कारण – सारांश

यह जनमत-संग्रह केवल "मान्यता" के लिए नहीं है। इस Voice (वॉइस) के प्रस्ताव का तात्पर्य इससे कहीं अधिक है।

यदि पारित हुआ, तो हमारे संविधान में यह सबसे बड़ा परिवर्तन होगा।

कानूनी रूप से यह जोखिम भरा है, जिसके परिणाम अज्ञात हैं। यह विभाजित करने वाला व स्थायी होगा।

**यदि आप नहीं जानते हैं तो no का वोट दें**

### जोखिम भरा

हम सभी वंचित समुदायों में मूलनिवासी ऑस्ट्रेलियाई लोगों की मदद करना चाहते हैं। लेकिन, Voice इसका समाधान नहीं है और यह हमारी सरकार की प्रणाली के लिए वास्तविक जोखिम पैदा करती है।

यह Voice विशेष रूप से "कार्यकारी सरकार" के सभी क्षेत्रों को कवर करती है। इसका तात्पर्य है कि कोई भी मुद्दा इसकी पहुँच के बाहर नहीं हैं।

अंतत: उच्च न्यायालय (High Court) इसकी शक्तियों को निर्धारित करेगा, न कि संसद।

इसमें कानूनी चुनोतियों की, देरी होने की और ठीक से काम न करने वाली सरकार होने की जोखिमें हैं।

### अज्ञात

इस बात का कोई विवरण नहीं दिया गया है कि Voice के सदस्यों को किस प्रकार चुना जाएगा और यह (Voice) किस प्रकार काम करेगी। इन विवरणों को तैयार करने से पहले ऑस्ट्रेलियाई लोगों से मतदान करने के लिए कहा जा रहा है।

**ऑस्ट्रेलियाई लोगों को मतदान से पहले विवरण बताए जाने चाहिए, बाद में नहीं।**

हम नहीं जानते कि यह कैसे काम करेगी, हम नहीं जानते कि इसमें कौन-कौन होगा, लेकिन हम यह अवश्य जानते हैं कि यह हम ऑस्ट्रेलियाई लोगों को स्थायी रूप से बाँट देगी।

कुछ Voice समर्थक कहते हैं कि क्षतिपूर्ति और मुआवज़े व अन्य क्रांतिकारी परिवर्तनों की दिशा में यह तो बस पहला क़दम है। तो, आगे क्या होगा?

### विभाजनकारी

ऑस्ट्रेलियाई लोगों के केवल एक समूह के लिए संविधान में Voice को स्थापित करने का अर्थ है हमारे देश को स्थायी रूप से विभाजित करना।

यह एक अज्ञात निकाय के माध्यम से जिसके पीछे संविधान की पूरी शक्ति है नागरिकता के भिन्न-भिन्न वर्गों का निर्माण करता है। अनेक मूलनिवासी ऑस्ट्रेलियाई इसका समर्थन नहीं करते हैं।

### स्थायी

संविधान में Voice शामिल करने का अर्थ है कि यह चिरस्थायी होगी। हम इसके नकारात्मक परिणामों में फँस जाएँगे।

## NO का वोट डालने के दस कारण

### 1. यह VOICE कानूनी रूप से जोखिम भरी है

ऑस्ट्रेलिया का संविधान हमारा सबसे महत्वपूर्ण कानूनी दस्तावेज़ है। प्रत्येक शब्द की अलग-अलग व्याख्या की जा सकती है।

ऑस्ट्रेलिया ने 1977 के बाद से अपना संविधान नहीं बदला है। **यह ऑस्ट्रेलिया के इतिहास में, हमारे लोकतंत्र में सबसे बड़ा बदलाव होगा।**

यह अज्ञात में एक छलाँग है। इस Voice का प्रयोगात्मक परीक्षण नहीं किया गया है। विश्व में कहीं भी इसकी तुलना करने योग्य कोई संवैधानिक निकाय नहीं है।

संविधान में Voice को स्थापित करने का अर्थ है कि इसको उच्च न्यायालय में कानूनी चुनौती दी जा सकती है और वही इसकी व्याख्या कर सकता है।

कानूनी विशेषज्ञों में इसके बारे में सहमति नहीं है, और वे निश्चित रूप से नहीं कह सकते कि उच्च न्यायालय इस तरह के संवैधानिक परिवर्तन की क्या व्याख्या करेगा।

> **"मैं यह अनुमान लगा सकता हूँ कि voice के संबंध में उत्पन्न होने वाले संवैधानिक और प्रशासनिक कानूनी मुक़दमे एक दशक या उससे अधिक समय तक चलेंगे..."**
> *(Ian Callinan AC KC, भूतपूर्व हाई कोर्ट जज)*[1]

1 दि ऑस्ट्रेलियन, 17/12/2022

No केस पृ.13 पर जारी

**इसे किसने लिखा**

**इस आशय के तर्कों की जानकारी (जो कि aec.gov.au/referendums/pamphlet.htm पर देखी जा सकती है), संसद के उन अधिकांश सदस्यों और सीनेटरों द्वारा अधिकृत की गई है जिन्होंने संविधान में प्रस्तावित परिवर्तन के विरोध में मतदान किया था, और वे उन तर्कों को लोगों तक पहुँचाना चाहते थे। इस लेख को चुनाव आयुक्त द्वारा बिना किसी परिवर्तन के छापा गया है।**

# Yes वोट देने के लिए केस

**Patrick Dodson, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के सेनेटर, Yawuru एल्डर:**

*"जब उन लोगों को ध्यान से सुना जाता है जो व्यावहारिक रूप से मुद्दे से अवगत हैं और उन्हें शामिल किया जाता है, तो बेहतर कानून और नीतियाँ बनाई जाती हैं। Voice से सलाह मिलने से हमारे निर्णय और काम करने के तरीके अधिक जानकारी पर आधारित होंगे और वे अधिक सफल होंगे। संविधान में मान्यता प्राप्त होने से हमारे राष्ट्र के घाव भरने में सहायता होगी।"*

## VOICE: मुख्य तथ्य

- यह विचार एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोगों ने प्रस्तुत किया है।
- यह हमारे संविधान में प्रथम निवासियों (First Peoples) को मान्यता देगी।
- यह एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोगों की एक कमेटी होगी।
- यह लोगों को उन मुद्दों पर अपने विचार प्रकट करने का अवसर देगी जो उन्हें प्रभावित करते हैं।
- उनके विचारों पर ध्यान देने से बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे - और अधिक प्रभावी ढंग से धन का उपयोग होगा।
- इसमें हर राज्य और टेरिटरी, टॉरस स्ट्रेट आइलैंड्स के मूल ऑस्ट्रेलियाई लोगों और विभिन्न क्षेत्रों तथा दूर-दराज़ के समुदायों के प्रतिनिधि होंगे।
- इसमें युवा लोग भी होंगे और पुरुषों और स्त्रियों की संख्या में संतुलन होगा।
- संसद और सरकार कानूनों, कार्यक्रमों और उनके लिए धनराशि जुटाने के लिए फिर भी ज़िम्मेदार रहेंगी।

### YES वोट देने के 8 अन्य कारणों को जानने के लिए आगे पढ़ते रहें।

## 1. यह विचार एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोगों द्वारा स्वयं प्रस्तुत किया गया था।

Yes वोट देने का अर्थ है:

- एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोगों द्वारा कई दशकों पहले से अभिव्यक्त की गई एक महत्वाकांक्षा का समर्थन करना।
- एक ऐसे प्रस्ताव को स्वीकार कर लेना जो 80% से अधिक एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोगों द्वारा समर्थित है।

**Voice के लिए आवाज़ राजनीतिज्ञों ने नहीं उठाई है।**

देश के हर भाग में हुए अनगिनत विचार-विमर्शों और बहुत वर्षों के परिश्रम के बाद 2017 में लगभग 250 एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर नेताओं और वयोवृद्धों ने *उलुरु स्टेटमेंट फ्रॉम दि हार्ट (Uluru Statement from the Heart)* को अपना समर्थन दिया था।

उन्होंने Voice के माध्यम से संविधान में मान्यता दिए जाने के लिए आवाज़ उठाई थी।

उन्होंने हमसे उनके जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाने और उनके बच्चों के लिए बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए सहायता करने का आग्रह किया था।

> हर पेशे और हैसियत, तथा सभी धर्मों और संस्कृतियों व सभी राजनीतिक दलों के ऑस्ट्रेलियाई लोगों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है।

अब हम इसे एक वास्तविकता बना सकते हैं।

Yes वोट देना एकता बढ़ाने का कार्य होगा जो ऑस्ट्रेलियाई लोगों को एक दूसरे के नज़दीक लाएगा।

## 2. ठोस परिणाम प्राप्त करने के लिए संविधान में मान्यता।

संविधान में मान्यता देना एक सशक्त क़दम होगा जो वास्तविक परिवर्तन लाएगा।

**Yes वोट देने का अर्थ है:**

- एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोगों को ऑस्ट्रेलिया के प्रथम निवासियों के रूप में मान्यता देना।
- 65,000 वर्षों के इतिहास का महोत्सव मनाना और उसे साझा करना।
- ऑस्ट्रेलिया की एकजुटता के बारे में पूरे विश्व को एक सशक्त संदेश देना।
- बेहतर भविष्य के लिए एक व्यावहारिक परिवर्तन लाना।

एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोगों की अनेकों पुश्तों ने हमारे राष्ट्र को अपनी संस्कृति और रचनात्मकता, भूमि और जल-स्रोतों के बारे में अपने ज्ञान, और ऑस्ट्रेलियाई जीवन में अपने योगदान से समृद्ध किया है।

हमारा यह प्राचीन महाद्वीप विश्व की सबसे प्राचीन जीवित संस्कृतियों का घर है। संविधान में इस बात को मान्यता देना हमारे साझे इतिहास का महोत्सव मनाने का एक प्रेरणादायक तरीका है।

Yes केस पृ.14 पर जारी

**इसे किसने लिखा**

**इस आशय के तर्कों की जानकारी (जो कि aec.gov.au/referendums/pamphlet.htm पर देखी जा सकती है), संसद के उन अधिकांश सदस्यों और सीनेटरों द्वारा अधिकृत की गई है जिन्होंने संविधान में प्रस्तावित परिवर्तन के पक्ष में मतदान किया था, और वे उन तर्कों को लोगों तक पहुँचाना चाहते थे। इस लेख को चुनाव आयुक्त द्वारा बिना किसी परिवर्तन के छापा गया है।**



# No वोट देने के लिए केस

इससे कानून संबंधी जटिल समस्याएँ पैदा हो जाएँगी।

## 2. कोई विवरण नहीं दिया गया है

यह एक बड़ा निर्णय है। लेकिन, **सरकार मतदान से पहले महत्त्वपूर्ण विवरण प्रकट नहीं करना चाहती**।

हम नहीं जानते कि यह वंचित समुदायों की मदद कैसे करेगी और अंतर को कम कैसे करेगी।

हम नहीं जानते कि इस Voice के कितने सदस्य होंगे।

हम नहीं जानते कि वे निर्वाचित होंगे या चुने जाएँगे, या यह कैसे होगा।

हम नहीं जानते कि यह प्रतिनिधित्व कैसे करेगी या इसे जवाबदेह कैसे ठहराया जाएगा।

> आस्ट्रेलियाई लोगों द्वारा मतदान कर देने के बाद इन बातों पर निर्णय लिया जाएगा।

Yes अभियान के अनुसार, मतदान से पहले विवरण देने का *"कोई औचित्य नहीं"* है:

"जब तक हमें संविधान में परिवर्तन करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई लोगों का समर्थन नहीं मिल जाता, तब तक इसके बारे में विस्तृत परामर्श करना निरर्थक है।"
*(Yes23 ब्रोशर)*

यह सोचने का उलटा तरीका है।

आप बिना जाँचे-देखे घर या बिना टेस्ट ड्राइविंग के कार नहीं खरीदते।

फिर भी आपसे बिना विस्तृत जानकारी के हमारे संविधान को बदलने के लिए मतदान करने के लिए कहा जा रहा है।

आस्ट्रेलियाई लोगों से कोरे (ब्लैंक) चेक पर हस्ताक्षर करने के लिए नहीं कहा जाना चाहिए।

"ऑस्ट्रेलियाई लोग किसी ऐसी बात के लिए अपनी सहमति कैसे दे सकते हैं जिसके बारे में हमें विस्तृत जानकारी नहीं है?"
*(सेनेटर Kerrynne Liddle, चाइल्ड प्रोटेक्शन एंड प्रिवेंशन ऑफ फ़ैमिली वायलेन्स के लिए शैडो मिनिस्टर और Arrernte वुमन)*

## 3. यह हमें विभाजित करती है

> हमारे संविधान में आस्ट्रेलियाई लोगों के केवल एक समूह के लिए एक निकाय बनाने का अर्थ है आस्ट्रेलियाई लोगों को स्थायी रूप से विभाजित करना। कई मूल आस्ट्रेलियाई इससे सहमत नहीं हैं।

**"यह Voice हमें एकजुट नहीं करेगी, यह हमें नस्ल के आधार पर विभाजित कर देगी।"**
*(सीनेटर Jacinta Nampijinpa Price, इंडिजिनस आस्ट्रेलियन्स के लिए शैडो मिनिस्टर और Warlpiri महिला)*

यह हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली के एक प्रमुख सिद्धांत के विरुद्ध है, जिसके अनुसार सभी ऑस्ट्रेलियाई कानून के समक्ष एक समान हैं।

"प्रस्तावित सेक्शन 129 को शामिल करने का तात्पर्य यह होगा कि हम एक ऐसा राष्ट्र बन जाएँगे जहाँ, जब भी हम या हमारे पूर्वज इस देश में पहली बार आए उसके आधार पर, हम सभी समान नहीं हैं।"
*(David Jackson AM KC, भूतपूर्व फ़ैडरल कोर्ट जज)*[2]

हमारा संविधान सभी आस्ट्रेलियाई लोगों का है। हमारी संसद सभी आस्ट्रेलियाई लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए है। इसमें अब 11 मूलनिवासी सदस्य और सीनेटर शामिल हैं जो कि एक रिकॉर्ड है।

हमारे राष्ट्रगान को हाल ही में इस तथ्य को प्रतिबिंबित करने के लिए बदला गया था कि हम "एक हैं और स्वतंत्र" हैं।

**इसके विपरीत, यह Voice ऑस्ट्रेलियाई लोगों को कानूनी और भावनात्मक तौर पर स्थायी रूप से विभाजित कर देगी।**

"हम सभी आस्ट्रेलियाई हैं। और यही इसका अंतिम स्वरूप होना चाहिए। इसे इस तथाकथित Voice द्वारा विभाजित नहीं किया जाना चाहिए जो इस देश को दो हिस्सों में विभाजित करने जा रही है।"
*(Ian Conway, Central Arrernte सीनियर कस्टोडियन)*

2 पार्लियामेंटरी इंक्वाइरी सबमिशन, 11/04/2023

No केस पृ.15 पर जारी

**इसे किसने लिखा**

**इस आशय के तर्कों की जानकारी (जो कि aec.gov.au/referendums/pamphlet.htm पर देखी जा सकती है), संसद के उन अधिकांश सदस्यों और सीनेटरों द्वारा अधिकृत की गई है जिन्होंने संविधान में प्रस्तावित परिवर्तन के विरोध में मतदान किया था, और वे उन तर्कों को लोगों तक पहुँचाना चाहते थे। इस लेख को चुनाव आयुक्त द्वारा बिना किसी परिवर्तन के छापा गया है।**

Yes वोट देना आपसी सामंजस्य स्थापित करने का कार्य होगा जिससे वास्तविक परिणाम प्राप्त होंगे।

ऑस्ट्रेलिया के मूलनिवासी जिस रूप में मान्यता दिए जाने के लिए हमारा समर्थन माँग रहे हैं, वह Voice है। यह वास्तविक परिवर्तन लाने का साधन बनेगी।

**Johnathan Thurston, NRL चैम्पियन और कोच, एक Gunggari व्यक्ति:**
*"हमारे युवा लोग सर्वश्रेष्ठ बनने के पूरे अवसर प्राप्त करने के अधिकारी हैं। मैं क्वींसलैंड में याराबाह समुदाय के विद्यालय जाने वाले बच्चों के साथ मिल कर कार्य करता हूँ। मैंने देखा है कि वे किस प्रकार की बाधाओं का सामना करते हैं। उनके स्थानीय समुदाय इस बात को अन्य सब लोगों के मुक़ाबले अच्छी तरह से समझते हैं। उन्हें कुछ कहने का अवसर देने का अर्थ है कि हमारे बच्चों में से और अधिक बच्चे सर्वश्रेष्ठ बनने के अवसर हासिल कर सकेंगे। Voice इसी बारे में है।"*

## 3. यह सुनिश्चित करना कि लोगों के जीवन में सुधार आए।

Voice एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोगों के लिए निम्नलिखित में वास्तविक सुधारों के लिए एक साधन है:

- जीवन प्रत्याशा।
- शिशुओं की मृत्यु दर और उनका स्वास्थ्य।
- शिक्षा और रोज़गार।

इन समस्याओं का समाधान करने के लिए अच्छे इरादों वाली सरकारें बहुत लंबे समय से अरबों डॉलर ख़र्च कर चुकी हैं।

लेकिन वह इनमें टिकाऊ परिवर्तन नहीं ला सकीं क्योंकि उन्होंने उन लोगों की बात नहीं सुनी जो व्यावहारिक रूप से मुद्दों से अवगत हैं।

वर्तमान तरीके काम नहीं कर रहे हैं और Voice हमारे लिए इसे दुरुस्त करने का बेहतरीन अवसर है।

ऐसा कोई नहीं सोचता है कि Voice तुरंत सभी समस्याओं को हल कर देगी - लेकिन आख़िरकार हम सही तरीके अपना लेंगे।

**यहाँ तीन उदाहरण हैं जिनमें मूलनिवासियों की सलाह पर ध्यान देने से बेहतर परिणाम प्राप्त हुए हैं।**

**कल्पना कीजिए कि VOICE के माध्यम से ऑस्ट्रेलिया कितनी प्रगति कर पाएगा।**

### सलाह पर ध्यान देना काम करता है: बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ

समुदाय द्वारा नियंत्रित एबोरिजिनल मेडिकल सर्विसेज़ स्थानीय मूलनिवासियों को नौकरी पर रखती हैं।

वे क्लिनिक चलाती हैं और दूर-दराज़ के क्षेत्रों में जाती हैं और बच्चों को टीके लगाए जाने जैसी महत्त्वपूर्ण सेवाएँ प्रदान करती हैं।

साउथ-ईस्ट क्वींसलैंड में स्थानीय एबोरिजिनल मेडिकल सर्विस ने समुदाय के साथ मिल कर काम किया जिससे 10 वर्षों में वार्षिक स्वास्थ्य जाँचों की संख्या 550 से बढ़कर 20,000 से अधिक हो गई।

### सलाह पर ध्यान देना काम करता है: शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर परिणाम

आर्न्हेम लैंड में खुले नए Dhupuma Barker विद्यालय में हर चरण में परिवारों और समुदाय के नेताओं ने, पाठों की योजना बनाने से लेकर वर्दियों और दोपहर के भोजन तक के बारे में, मिलकर काम किया।

इस वास्तविक भागीदारी के कारण विद्यालय में बच्चों की **उपस्थिति की दर और परिणाम उच्चतम स्तर के** हैं। "Dhupuma Firebirds" रोबोटिक्स टीम ने हाल ही में टेक्सास में VEX International Championships में भाग लिया, यह नॉर्दर्न टेरिटरी की पहली टीम है जो इसमें भाग लेने के लिए योग्य हो पाई।

प्रिंसिपल Phillip Heath कहते हैं:
*"दूर-दराज़ के क्षेत्रों में और दूरस्थ (remote) शिक्षा के मामलों में समुदाय की राय पर ध्यान देने से बहुत बड़ा अंतर लाना संभव है।"*

### सलाह पर ध्यान देना काम करता है: रेंजर जो मूलनिवासी हैं

लगभग 2,000 मूलनिवासी अपने-अपने स्थानीय क्षेत्रों में रेंजर के पेशे में कार्यरत हैं।

रेंजर **जंगलों में आग लगने की घटनाओं की रोक-थाम के लिए कार्रवाई करके, हानिकारक जंगली कीटों पर नियंत्रण करके और हमारी नदियों को अधिक स्वस्थ रख कर** हमारे पर्यावरण की देख-भाल करते हैं।

मूलनिवासी रेंजरों की सलाह पर ध्यान देने का अर्थ है 65,000 वर्षों के दौरान हासिल की गई जानकारी तथा भूमि और पानी के स्रोतों से हमारे संबंधों को आपस में साझा करना।

Yes केस पृ.16 पर जारी

**इसे किसने लिखा** **इस आशय के तर्कों की जानकारी (जो कि aec.gov.au/referendums/pamphlet.htm पर देखी जा सकती है), संसद के उन अधिकांश सदस्यों और सीनेटरों द्वारा अधिकृत की गई है जिन्होंने संविधान में प्रस्तावित परिवर्तन के पक्ष में मतदान किया था, और वे उन तर्कों को लोगों तक पहुँचाना चाहते थे। इस लेख को चुनाव आयुक्त द्वारा बिना किसी परिवर्तन के छापा गया है।**





## 4. यह मूलनिवासी आस्ट्रेलियाई लोगों की सहायता नहीं करेगी

हम सभी वंचित समुदायों में मूलनिवासी आस्ट्रेलियाई लोगों की सहायता करना चाहते हैं, ताकि अंतर को कम किया जा सके और मेल-मिलाप स्थापित किया जा सके।

**लेकिन, अधिक नौकरशाही इसका उत्तर नहीं है।**

वर्तमान में सरकार के सभी स्तरों पर सैकड़ों मूलनिवासी प्रतिनिधि निकाय हैं, साथ ही नेशनल इंडिजिनस ऑस्ट्रेलियन्स एजेंसी (National Indigenous Australians Agency) भी है, जिसमें 1,400 कर्मचारी हैं।

एक केंद्रीकृत Voice में क्षेत्रीय और दूर-दराज़ के समुदायों की आवश्यकताओं की उपेक्षा किए जाने का जोखिम है।

"एक राष्ट्रीय Voice पूरे देश का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकती।"
*(Nyunggai Warren Mundine AO, ऑस्ट्रेलियन्स फॉर यूनिटी बोर्ड के सदस्य और Bundjalung व्यक्ति)*

इस समय, दूर-दराज़ के समुदायों में विनाशकारी सामाजिक समस्याओं से निपटने में सहायता की माँग करने वाली अनेकों आवाजें उठ रही हैं। आवश्यकता है कार्रवाई की।

**"केनबरा में हमें किस चीज़ की ज़रूरत है- सुनने वालों की, Voice की नहीं।"**
*(सीनेटर Jacinta Nampijinpa Price, इंडिजिनस आस्ट्रेलियन्स के लिए शैडो मिनिस्टर और Warlpiri महिला)*

## 5. कोई भी मुद्दा उसके दायरे से बाहर नहीं होगा

यह Voice मॉडल केवल संसद तक ही सीमित नहीं है, इसका दायरा बहुत बड़ा है - "कार्यकारी सरकार" के सभी क्षेत्र इसमें शामिल हैं। **यानी सभी सरकारी विभाग, एजेंसियाँ और अन्य निकाय (जैसे रिज़र्व बैंक) इसमें शामिल हैं।**

अर्थव्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा, बुनियादी ढाँचा, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अन्य बातों से संबंधित सभी निर्णय इसके दायरे में होंगे।

सरकार के जनमत-संग्रह कार्य-समूह के एक सदस्य के शब्दों में:

"voice सरकार के सभी भागों से बात करने में सक्षम होगी, जिसमें कैबिनेट, मंत्रीगण, सरकारी कर्मचारी और स्वतंत्र वैधानिक कार्यालय और एजेंसियाँ - जैसे कि रिज़र्व बैंक शामिल हैं... सरकार voice को चुप नहीं करवा सकती।"
*(प्रोफ़ेसर Megan Davis और Gabrielle Appleby)*[3]

Voice का समर्थन करने वाले एक संवैधानिक कानून के प्रोफ़ेसर के शब्दों में:

"मुझे लगता है कि यह घातक रूप से त्रुटिपूर्ण है क्योंकि यह कार्यकारी कार्रवाई पर सभी प्रकार की समीक्षा करने का अधिकार रखती है। इसका अर्थ है कि *Voice* पनडुब्बियों से लेकर पार्किंग टिकटों तक, हर चीज़ पर टिप्पणी कर सकती है... हमें नियमित रूप से न्यायिक हस्तक्षेप का सामना करना होगा।"
*(प्रोफ़ेसर Greg Craven AO)*[4]

अनेक कानूनी विशेषज्ञों ने इसके दायरे के बारे में चिंता व्यक्त की है, लेकिन उनकी चिंताओं को बस नज़रअंदाज कर दिया गया है।

## 6. इसमें देरी होने और ठीक से कामकाज न हो पाने का जोखिम है

ऑस्ट्रेलियाई संसद प्रति वर्ष कानून संबंधी सैकड़ों बातों पर विचार करती है।

इस Voice का दायरा संसद से परे, विभागों, एजेंसियों और "कार्यकारी सरकार" के सभी क्षेत्रों तक पहुँचता है।

Voice इसे कैसे संभालेगी?

**यदि Voice जिस तरह से उससे परामर्श किया गया है, या जो निर्णय लिया गया है उससे संतुष्ट नहीं है, तो वह न्यायालयों में अपील कर सकती है। कितना समय लगेगा इसमें?**

अनेक कानूनी विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि इससे निर्णय लेने में काफ़ी देरी होगी।

"Voice लगभग निश्चित रूप से वर्तमान मुद्दों, जिनकी विस्तृत सूची है, के बारे में लंबे समय तक चलने वाली बहस का एक साधन बन जाएगी। राष्ट्रीय एजेंडे पर वर्तमान चिंता के लगभग हर मामले में किसी न किसी प्रकार के मूलनिवासियों से संबंधित घटक को शामिल बताया जाएगा।"
*(Nicholas Hasluck AM KC, भूतपूर्व WA सुप्रीम कोर्ट जज)*[5]

कानूनी अपीलों और देरी के जोखिम का अर्थ है निष्क्रिय सरकार होने का जोखिम।

3 दि ऑस्ट्रेलियन, 1/4/2023
4 डेली मेल, 24/3/2023
5 पार्लियामेंटरी इंक्वाइरी सबमिशन, 16/4/2023

No केस पृ.17 पर जारी

**इसे किसने लिखा** **इस आशय के तर्कों की जानकारी (जो कि aec.gov.au/referendums/pamphlet.htm पर देखी जा सकती है), संसद के उन अधिकांश सदस्यों और सीनेटरों द्वारा अधिकृत की गई है जिन्होंने संविधान में प्रस्तावित परिवर्तन के विरोध में मतदान किया था, और वे उन तर्कों को लोगों तक पहुँचाना चाहते थे। इस लेख को चुनाव आयुक्त द्वारा बिना किसी परिवर्तन के छापा गया है।**

# **Yes** वोट देने के लिए केस

**ऑस्ट्रेलिया भर में बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए Yes वोट दें।**
**खाई को पाटने (अंतर को कम करने) के लिए Yes वोट दें।**

## 4. अपने देश को एकजुट करें।

Yes वोट देने का अर्थ होगा:

- अपने अतीत से सामंजस्य स्थापित करना और बेहतर भविष्य की ओर बढ़ना।
- एक ऐसा परिवर्तन जो केवल आप लोग ही ला सकते हैं।

1901 में हमारे संविधान के लागू होने के बाद से ऑस्ट्रेलिया में बहुत बदलाव आ चुके हैं।

अब हम ऑस्ट्रेलिया के मूलनिवासियों और हमारे देश के लिए उनके योगदान का महोत्सव मनाते हैं जो उचित भी है।

1967 के जनमत संग्रह में 90% ऑस्ट्रेलियाई लोगों ने संविधान में परिवर्तन के लिए Yes वोट दिया था ताकि एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोगों को जनगणना में अन्य लोगों की ही तरह गिना जाए।

यह एकता की दिशा में लिया गया एक क़दम था।

अब हमें एक साथ अगला क़दम उठाने का अवसर मिला है - एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोगों को Voice के द्वारा मान्यता देना।

हमसे मिलते-जुलते इतिहास वाले अन्य देश, जैसे कनाडा और न्यूज़ीलैंड अपने प्रथम निवासियों को कई दशक पहले ही मान्यता दे चुके हैं।

**पिछले अनुभवों से पता चलता है कि इसमें डरने वाली कोई बात नहीं है - और इसके बहुत लाभ होंगे।**

**Rachel Perkins, ऐलिस स्प्रिंग में रहने वाली फ़िल्म निर्माता, Arrernte/Kalkadoon महिला:**
*"हमारे लोग कई दशकों से बेहतर जीवन जीने का मौक़ा दिए जाने के लिए अभियान चलाते आ रहे हैं। हम पहले की अपेक्षा अब अधिक एकजुट और दृढ़प्रतिज्ञ हैं। Voice हमारे लिए सर्वश्रेष्ठ अवसर है, इसे हाथ से न जाने दें।"*

## 5. पैसे बचाएँ।

जब सरकारें लोगों की बातों पर ध्यान देती हैं तो वे बेहतर परिणाम प्राप्त करती हैं और अधिक प्रभावी ढंग से वित्तीय सहायता के धन का उपयोग करती हैं।

**आंटी Pat Anderson AO, उलुरु डायलॉग्स की सह-अध्यक्षा, Alyawarre महिला:**
*"जब आप लोगों को किसी चीज़ में शामिल करते हैं तो आप बेहतर निर्णय लेते हैं और आप जो पैसा ख़र्च करते हैं, वह वहाँ जाता है जहाँ उसकी सर्वाधिक आवश्यकता है: उन लोगों के पास जो व्यावहारिक रूप से मुद्दों से अवगत हैं।"*

दोनों ही दलों की सरकारों ने अरबों डॉलर ऐसे कार्यक्रमों पर ख़र्च किए हैं जो या तो समस्याओं को सुलझा नहीं पाए या समुदायों तक पहुँच नहीं पाए।

Voice स्थानीय लोगों की बातें सुनने और पैसे बचाने में सहायता करेगी।

यदि सरकारें करदाताओं के पैसे को उन चीज़ों पर बर्बाद नहीं करतीं जो ठीक से काम नहीं कर रहीं तो हम सब उससे लाभान्वित होते हैं।

## 6. यही उपयुक्त समय है।

Voice का विचार बनने के प्रयास में कई दशक लग गए हैं। अनेक एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोगों ने इसके लिए बहुत मेहनत और सद्भावना से प्रयास किया है।

No वोट देने से कोई परिवर्तन नहीं आएगा। इसका अर्थ यह मान लेना होगा कि हम कुछ बेहतर नहीं कर सकते।

**उसी चीज़ को दोहराने की ग़लती न करें:**

- बदतर जीवन प्रत्याशा।
- बदतर शिक्षा और रोज़गार संबंधी परिणाम।
- बदतर स्वास्थ्य संबंधी परिणाम।

इस चक्र को तोड़ने और देश को जोड़ने के लिए Yes वोट दें।

**Eddie Betts, एडिलेड और कार्लटन AFL के जाने-माने खिलाड़ी, Gubrun, Wirangu/Kokatha के व्यक्ति:**
*"मैं जानता हूँ कि Voice रातों-रात सभी समस्याओं को हल नहीं कर देगी, लेकिन मुझे लगता है कि यह एक मार्ग खोल रही है जो यह सुनिश्चित करेगा कि जो फ़ैसले हमें प्रभावित करते हैं, उनके बारे में हमें शामिल किया जाएगा और हमारी बात पर ध्यान दिया जाएगा।"*

Yes केस पृ.18 पर जारी

**इसे किसने लिखा**

**इस आशय के तर्कों की जानकारी (जो कि aec.gov.au/referendums/pamphlet.htm पर देखी जा सकती है), संसद के उन अधिकांश सदस्यों और सीनेटरों द्वारा अधिकृत की गई है जिन्होंने संविधान में प्रस्तावित परिवर्तन के पक्ष में मतदान किया था, और वे उन तर्कों को लोगों तक पहुँचाना चाहते थे। इस लेख को चुनाव आयुक्त द्वारा बिना किसी परिवर्तन के छापा गया है।**



# **No** वोट देने के लिए केस

यह ऑस्ट्रेलिया के लिए अच्छा नहीं है।

## 7. यह विरोधकर्ताओं के लिए द्वार खोलती है

कानूनी अनिश्चितता और विवरणों की अनुपस्थिति यह सवाल उठाती है: आगे क्या होने वाला है?

> कुछ Voice समर्थक स्पष्ट रूप से कह रहे हैं कि यह Voice क्षतिपूर्ति और मुआवज़े तथा अन्य आमूल परिवर्तनों की दिशा में पहला क़दम होगी।

"यह पहला क़दम है, यह एक महत्वपूर्ण क़दम है और इससे सभी स्पष्टीकरण पीछे छूट जाएँगे । उदाहरण के लिए 'किराए का भुगतान करें' (Pay the Rent'), इसे हम पारदर्शी तरीके से कैसे करेंगे और जिसमें वास्तव में एबोरिज़नल और टॉरस स्ट्रेट आइलैंडर लोगों को क्षतिपूर्ति और मुआवज़ा मिलता दिखाई देता हो...?"
*(Thomas Mayo, रेफ़रेंडम वर्किंग ग्रुप)*[6]

उलुरु स्टेटमेंट फ्रॉम द हार्ट (Uluru Statement from the Heart) कहता है कि Voice तो पहला क़दम है, उसके बाद संधि की जाएगी और इतिहास की सच्चाई बताई जाएगी ।

परिभाषा के अनुसार, संधि सरकारों के बीच एक समझौता होता है, न कि नागरिकों के एक समूह और उनकी सरकार के बीच।

सरकार के जनमत-संग्रह कार्य समूह के एक सदस्य ने "सच्चाई" को "पुराने औपनिवेशिक संस्थानों के उन्मूलन" के लिए "उत्तोलक शक्ति" ("leverage") के रूप में वर्णित किया है।

"यह (Voice) हमारे लोगों के लिए संधियों संबंधी किसी भी बातचीत में और अन्य चीज़ों जैसे कानून बनाने, सुधार लाने और संस्थानों का उन्मूलन करने, उन पुराने औपनिवेशिक संस्थानों का जो हमें नुक़सान पहुँचाते हैं, की ओर बढ़ने का एक रास्ता है।"
*(Thomas Mayo, रेफ़रेंडम वर्किंग ग्रुप)*[7]

पहले से ही, कई विरोधकर्ता **ऑस्ट्रेलिया दिवस के उन्मूलन, हमारे ध्वज और ऑस्ट्रेलियाई लोगों के लिए महत्वपूर्ण अन्य संस्थानों और प्रतीकों को बदलने** के लिए अभियान चला रहे हैं।

"आंदोलन हमेशा से #abolishAustraliaDay ही होता रहा है, केवल तारीख़ बदलना दबाव में सच्चाई क़बूल करने जैसा है।"
*(Teela Reid, रेफ़रेंडम इंगेजमेंट ग्रुप)*[8]

यदि Voice संवैधानिक रूप से प्रतिष्ठापित हो जाती है तो ये माँगें और तीव्र हो जाएँगी।

"ऑस्ट्रेलियाई लोगों को यह समझने की आवश्यकता है कि Voice का उपयोग सह-अस्तित्व वाली संप्रभुता को मान्यता देने की माँगों और संधि करवाने, वित्तीय मुआवज़ा तय करने और ऑस्ट्रेलियाई इतिहास के पुनर्लेखन के लिए बनाए गए मैकरेटा (Makarrata) आयोग का समर्थन करने के लिए किया जाएगा...
ऑस्ट्रेलियाई समाज को बहुत बड़ी अपूरणीय क्षति की संभावना का मतलब है कि Voice को ऑस्ट्रेलियाई संविधान में कभी भी शामिल नहीं किया जाना चाहिए..."
*(Terence Cole AO RFD KC, एनएसडब्ल्यू सुप्रीम कोर्ट के भूतपूर्व जज)*[9]

## 8. यह महँगा और नौकरशाही वाला होगा

हम नहीं जानते कि इस Voice को कितनी अतिरिक्त धनराशि आवंटित की जाएगी।

यह एक और विवरण है जो जनमत-संग्रह के बाद ही निर्धारित किया जाएगा।

वर्तमान में सरकार के सभी स्तरों पर **सैकड़ों एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलैंडर प्रतिनिधि निकाय हैं।**

> इस वर्ष, सरकार ने नेशनल इंडिजिनस ऑस्ट्रेलियन्स एजेंसी के लिए चार अरब 30 करोड़ डॉलर ($4.3 बिलियन) आवंटित किए हैं, इस एजेंसी में 1,400 कर्मचारी हैं।

इस एजेंसी की वेबसाइट और कॉर्पोरेट योजना कहती है: "हम... सुनिश्चित करते हैं कि एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलैंड के लोगों को उन निर्णयों में अपनी बात कहने का अधिकार हो जो उन्हें प्रभावित करते हैं।"

---

6 सर्च फ़ाउंडेशन स्पीच, 12/2/2020
7 सर्च फ़ाउंडेशन स्पीच, 12/2/2020
8 ट्विटर, 24/1/2023
9 स्पेक्टेटर ऑस्ट्रेलिया, 6/4/2023; पार्लियामेंटरी इंक्वाइरी सबमिशन, 19/4/2023

No केस पृ.19 पर जारी

**इसे किसने लिखा**

**इस आशय के तर्कों की जानकारी (जो कि aec.gov.au/referendums/pamphlet.htm पर देखी जा सकती है), संसद के उन अधिकांश सदस्यों और सीनेटरों द्वारा अधिकृत की गई है जिन्होंने संविधान में प्रस्तावित परिवर्तन के विरोध में मतदान किया था, और वे उन तर्कों को लोगों तक पहुँचाना चाहते थे। इस लेख को चुनाव आयुक्त द्वारा बिना किसी परिवर्तन के छापा गया है।**

## 7. व्यावहारिक सलाह जो वास्तव में सहायक होगी।

Voice मूलनिवासियों के स्वास्थ्य, शिक्षा, रोज़गार और आवास की दशा में सुधार लाने के लिए व्यावहारिक क़दमों के बारे में सलाह देगी।

Voice को संविधान में शामिल करने से इसे वर्तमान में और भविष्य में स्थिरता और स्वाधीनता मिलेगी।

इसका अर्थ है कि Voice नि:संकोच सलाह दे सकेगी, और अल्पकालिक राजनीती से प्रभावित नहीं होगी।

**मूलनिवासी जिन समस्याओं का सामना कर रहे हैं, हम उन सब को रातों-रात नहीं सुलझा सकते। हम इस पर तत्काल कार्रवाई तथा लंबे समय की योजनाएँ चाहते हैं।**

इसलिए हम ऐसी Voice चाहते हैं जिसे क़लम चला कर समाप्त न किया जा सके।

कानूनी विशेषज्ञों ने स्पष्ट कर दिया है कि Voice के पास कानूनों और निर्णयों को रोकने, उनमें देरी करने या उन्हें वीटो करने की सामर्थ्य नहीं होगी। **Voice का संबंध सलाह से है।**

## 8. सरकार से बेहतर काम करवाना।

Yes वोट देने का अर्थ है:

- सरकार को बेहतर सलाह मिलेगी और वह बेहतर परिणाम दे सकेगी।
- संविधान में विशेषज्ञों द्वारा समर्थित कुछ शामिल करना।

वरिष्ठ वकील और हाई कोर्ट के जज इस प्रक्रिया में शामिल रहे हैं।

### कानून विशेषज्ञ क्या कहते हैं:

- संवैधानिक और कानूनी दृष्टि से सशक्त।
- हमारी सरकार चलाने की प्रणाली में **सुधार होगा**।
- वीटो पॉवर नहीं होगी - संसद और सरकार अंतिम निर्णय लेंगे।

**Robert French AC, हाई कोर्ट ऑफ ऑस्ट्रेलिया के चीफ़ जस्टिस 2008-2017, और Geoffrey Lindell, एमेरिटस प्रोफ़ेसर ऑफ लॉ, यूनिवर्सिटी ऑफ एडिलेड:**

*"Voice एक बड़ा विचार है, लेकिन पेचीदा नहीं। इसमें लाभ अधिक हैं और ख़तरा कम...*
*Voice देश के प्रथम निवासियों को एक व्यावहारिक मौक़ा देगी ताकि वे संसद और सरकार को तर्कसंगत और विचारशील तथा विश्वसनीय सलाह दे सकें।"*
– जॉइंट ओपीनियन पीस, ऑस्ट्रेलियन फ़ाइनेंशियल रिव्यू, 4/2/2023।

## अब यह हम पर निर्भर है।

**Evonne Goolagong Cawley AC MBE, भूतपूर्व टेनिस की नंबर एक खिलाड़ी, Wiradjuri महिला:**

*"Yes वोट देना सभी ऑस्ट्रेलियाई लोगों के लिए एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोगों द्वारा हमारे देश के लिए जो योगदान किया गया है, उसका और अगली पीढ़ी के अपने सपने साकार कर पाने का महोत्सव मनाने का अवसर है। हमें चाहिए कि इस अवसर को दोनों हाथ बढ़ा कर थाम लें।"*

एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोगों ने हमें जीवन में केवल एक बार मिलने वाला मौक़ा दिया है।

**हम Yes वोट देकर एकजुट करने वाले उस एक बड़े क्षण का हिस्सा बन सकते हैं जो बेहतर भविष्य लाएगा।**

हम Yes वोट दे सकते हैं जिससे:

- हम एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोगों के प्रति सही निर्णय लें।
- लोगों को उन मुद्दों पर अपनी बात कहने का अवसर दें जो उन्हें प्रभावित करते हैं।
- एक व्यावहारिक परिवर्तन लाएँ जिससे लोगों का जीवन बेहतर बने।

आइए **मान्यता देने के लिए**, **बात सुने जाने** और **बेहतर परिणामों** के लिए Yes वोट दें।

आइए Yes वोट दें, यह सुनिश्चित करने के लिए कि एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर लोग बेहतर जीवन जी सकें और उनके बच्चों को अधिक अवसर मिल सकें।

एकता की भावना के साथ, आइए हम मिल कर Yes वोट दें।

**YES केस समाप्त**

**इसे किसने लिखा**

**इस आशय के तर्कों की जानकारी (जो कि aec.gov.au/referendums/pamphlet.htm पर देखी जा सकती है), संसद के उन अधिकांश सदस्यों और सीनेटरों द्वारा अधिकृत की गई है जिन्होंने संविधान में प्रस्तावित परिवर्तन के पक्ष में मतदान किया था, और वे उन तर्कों को लोगों तक पहुँचाना चाहते थे। इस लेख को चुनाव आयुक्त द्वारा बिना किसी परिवर्तन के छापा गया है।**





ऐसा कोई सुझाव नहीं है कि यह Voice इनमें से किसी का स्थान ले लेगी। यह अनेक नौकरशाहियों के बीच एक और नौकरशाही के रूप में कार्य करेगी।

## 9. यह VOICE चिरस्थाई होगी

यह Voice कोई परीक्षण या पायलट कार्यक्रम नहीं है। यह कानून द्वारा स्थापित नहीं होगी जिससे कि इसे हटाया जा सके।

एक बार यह संविधान में शामिल हो गई तो इसे हटाना संभव नहीं होगा।

एक बार जब उच्च न्यायालय कोई व्याख्या कर देता है, तो संसद उसे ख़ारिज नहीं कर सकती।

हम नकारात्मक परिणामों में हमेशा के लिए फँस जाएँगे।

## 10. आगे बढ़ने के बेहतर रास्ते हैं

यह जनमत-संग्रह केवल संविधान में मूलनिवासी आस्ट्रेलियाई लोगों को मान्यता देने के बारे में नहीं है।

**इसे किसी जोखिम भरी, अज्ञात और स्थायी Voice से बाँधे बिना भी हासिल किया जा सकता है।**

मान्यता वाली बात को आस्ट्रेलियाई लोगों का व्यापक समर्थन प्राप्त है। लेकिन, Voice का यह प्रस्ताव ही समस्या है।

ऐसे अनेक ऑस्ट्रेलियाई हैं जो सैद्धांतिक कारण से Voice का विरोध करते हैं।

हो सकता है कि अन्य लोग Voice के कम जोखिम वाले विकल्प पर विचार करने को तैयार हों, लेकिन सरकार ने आपको यह विकल्प नहीं दिया है।

जब संविधान में पिछले परिवर्तन प्रस्तावित किए गए थे, तो विकल्पों और विवरणों पर भली प्रकार से विचार करने के लिए संवैधानिक सम्मेलन हुआ करते थे।

यहाँ ऐसी कोई प्रक्रिया नहीं हुई। यह प्रक्रिया बहुत जल्दबाज़ी में और दबाव में आकर की गई है।

यह तरीका सब को एक करने वाला या प्रभावी नहीं है। यह विभाजित करने वाला है।

## यह निर्णय आपका है

यह एक अत्यधिक महत्वपूर्ण निर्णय है। दुर्भाग्य से, बहुत से ऑस्ट्रेलियाई लोगों के न्यायसम्मत प्रश्नों व चिंताओं को ख़ारिज कर दिया गया है।

सौभाग्य से, इस जनमत-संग्रह का परिणाम राजनीतिज्ञों, निगमों या मशहूर हस्तियों द्वारा तय नहीं किया जाएगा।

यह प्रत्येक ऑस्ट्रेलियाई द्वारा तय किया जाएगा। यह प्रत्येक ऑस्ट्रेलियाई को प्रभावित करेगा।

**यदि आप नहीं जानते हैं तो no का वोट दें**

## अधिक जानकारी

जानकारी और नवीनतम सूचनाओं के लिए देखें

- www.riskyvoice.com
- www.oneandfree.au
- www.australiansforunity.com.au

**NO केस समाप्त**

**इसे किसने लिखा**

**इस आशय के तर्कों की जानकारी (जो कि aec.gov.au/referendums/pamphlet.htm पर देखी जा सकती है), संसद के उन अधिकांश सदस्यों और सीनेटरों द्वारा अधिकृत की गई है जिन्होंने संविधान में प्रस्तावित परिवर्तन के विरोध में मतदान किया था, और वे उन तर्कों को लोगों तक पहुँचाना चाहते थे। इस लेख को चुनाव आयुक्त द्वारा बिना किसी परिवर्तन के छापा गया है।**

यह पृष्ठ जान-बूझ कर खाली छोड़ दिया गया है



AEC
Australian Electoral Commission

# 2023 के जनमत-संग्रह के लिए **आपकी आधिकारिक मार्गदर्शिका**

## मतदान का दिन कब है?

अधिक जानकारी के लिए क्यू आर कोड (QR code) स्कैन करें या **aec.gov.au/referendums** पर जाएँ

**aec.gov.au**
13 23 26

निर्वाचन आयुक्त, 10 मोर्ट स्ट्रीट, कैनबरा द्वारा अधिकृत
Authorised by the Electoral Commissioner, 10 Mort Street, Canberra

# चुनाव आयुक्त **की ओर से संदेश**

हमें कोई जनमत-संग्रह करवाए काफ़ी समय हो गया है। पिछला जनमत-संग्रह 1999 में हुआ था, इसका अर्थ है कि इस जानकारी को पढ़ने वाले अनेक लोगों के लिए, यह पहली बार होगा कि वे किसी जनमत-संग्रह में मतदान करेंगे।

जनमत-संग्रह संविधान में एक प्रस्तावित परिवर्तन के बारे में एक प्रश्न पर राष्ट्रीय वोट होता है – इस बार यह इस बात के लिए हो रहा है कि क्या एबोरिजिनल और टॉरस स्ट्रेट आइलेंडर Voice (वॉइस) की स्थापना करके ऑस्ट्रेलिया के प्रथम निवासियों को मान्यता देने के लिए संविधान में परिवर्तन किया जाए।

जनमत-संग्रह में मतदान करना किसी चुनाव में मतदान करने से अलग है, और परिणाम इस बात पर आधारित होता है कि दोहरा बहुमत कैसे मतदान करता है – वह है:

- सभी राज्यों और क्षेत्रों (टेरीटरीज़) से राष्ट्रीय बहुमत (50% से अधिक), और
- अधिकांश राज्यों में बहुमत (50% से अधिक मत) (यानी छह राज्यों में से कम से कम चार राज्यों में)।

AEC ने जनमत-संग्रह में आपको अपना मतदान करने की तैयारी करने में आपकी मदद करने के लिए यह मार्गदर्शिका तैयार की है, जिसमें सही ढंग से मतदान कैसे करें, मतदान स्थल पर क्या होता है और सूचना स्रोतों की जाँच करने के तरीकों के बारे में सुझाव शामिल हैं।

मतदान के दिन देश भर में हमारे 7,000 से अधिक मतदान स्थल खुले रहेंगे, मतदान दिवस से पहले मतदान करने के लिए विकल्प उपलब्ध होंगे, और दूर-दराज़ के स्थानों के लिए पहले से कहीं अधिक मतदाता सेवा की टीमें होंगी जो दूर-दराज़ के स्थानों पर जाएँगी।

निष्पक्ष और स्वतंत्र होना ऑस्ट्रेलियाई चुनाव आयोग (Australian Electoral Commission) की नींव है। हमारे द्वारा संचालित प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, सुरक्षा और जवाबदेही महत्वपूर्ण है और यह आप स्पष्ट रूप से देख सकते हैं।

मुझे उस भूमिका पर गर्व है जो हम प्रक्रिया के हर चरण में ईमानदारी के साथ जनमत संग्रह करवाने में निभाते हैं।

अधिक जानकारी के लिए **aec.gov.au/referendums** पर जाएँ।

**Tom Rogers**
चुनाव आयुक्त

मतदाता सूची में **97%** से अधिक पात्र मतदाता

**7,000+** मतदान स्थल

**500+** समय-पूर्व (early) मतदान करने के केंद्र

लगभग **100,000** जनमत-संग्रह के लिए अस्थायी कर्मचारी

# ज़रा ठहरें और विचार करें
## इस जनमत-संग्रह में स्रोत को जानने की कोशिश करें

जनमत-संग्रह के समय के दौरान आपको मतदान की प्रक्रिया के बारे में ऐसी जानकारी मिल सकती है जो सबूतों द्वारा प्रमाणित नहीं है, जिसका स्रोत ज्ञात नहीं है या जो भ्रमित करने वाली है।

AEC एक स्वतंत्र संस्था है जिसे जनमत-संग्रह संचालित करने का काम सौंपा गया है। हम मतदाताओं को उनकी भाग लेने संबंधी ज़िम्मेदारी, जनमत-संग्रह के उद्देश्य और मतदान करने के विकल्पों के बारे में जानकारी देंगे।

यह महत्वपूर्ण है कि आप जनमत-संग्रह की प्रक्रिया के बारे में जो देखते हैं, सुनते हैं और पढ़ते हैं उस पर आप सावधानीपूर्वक विचार करें।

इस बात पर विचार करने के लिए अपना समय लगाएँ कि क्या जानकारी:

- किसी विश्वसनीय या पहचाने जा सकने वाले स्रोत से आई है
- नवीनतम है
- सुरक्षित है (कोई धोखा-scam तो नहीं है)।

यदि यह सोशल मीडिया पर या ऑनलाइन पर है तो यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

अधिक जानकारी के लिए व उपयोगी सुझावों के छोटे-छोटे वीडियो देखने के लिए **aec.gov.au/stopandconsider** पर जाएँ

**स्रोत को जानने की कोशिश करें**

निर्वाचन आयुक्त, 10 मोर्ट स्ट्रीट, कैनबरा द्वारा अधिकृत

# जनमत-संग्रह में मतदान करने के लिए पहले से ही तैयारी करें
## मतदान स्थल सुबह 8 बजे खुलेंगे और शाम को ठीक 6 बजे बंद हो जाएँगे

### मतदान किसे करना होगा?

18 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों के लिए इस जनमत-संग्रह में नामांकन करवाना और मतदान करना आवश्यक है।

### मैं मतदान कहाँ कर सकता/सकती हूँ?

आप मतदान के दिन अपने राज्य या टेरिटरी के किसी भी मतदान स्थल पर मतदान कर सकते हैं। मतदान स्थल सुबह 8 से शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे।

मतदान स्थल आमतौर पर स्थानीय स्कूलों, चर्चों, सामुदायिक हॉलों और सार्वजनिक भवनों में स्थित होते हैं। अपने निकटतम मतदान स्थल को खोजने के लिए **aec.gov.au/where** पर जाएँ

यदि आपको चलने-फिरने में कठिनाई है या आपको विकलांगता है, या आप किसी ऐसे व्यक्ति की देखभाल करते हैं, तो आप मतदान स्थलों तक पहुँचने के तरीकों के बारे में जानने के लिए **aec.gov.au/where** पर देख सकते हैं।

दृष्टिहीन या कम दृष्टि वालों के लिए मतदान के विकल्पों के लिए **aec.gov.au/assistance** पर जाएँ या **13 23 26** पर फ़ोन करें।

### यदि मैं दूसरे राज्य या टेरिटरी में हूँ तो क्या होगा?

यदि आप मतदान के दिन किसी दूसरे राज्य में होंगे तो आप निर्दिष्ट अंतरराज्यीय मतदान केंद्र पर मतदान कर सकते हैं या मतदान दिवस से पहले मतदान करने के विकल्पों पर विचार कर सकते हैं।

### यदि मैं मतदान के दिन नहीं पहुँच सकता /सकती हूँ तो क्या होगा?

यदि आप मतदान के दिन अपने राज्य या टेरिटरी के किसी मतदान स्थल पर नहीं पहुँच सकते हैं, तो आप व्यक्तिगत रूप से या डाक द्वारा जल्दी मतदान करने के पात्र हो सकते हैं।

### मतदान दिवस से पहले व्यक्तिगत रूप से मतदान कैसे करें

यदि आप पात्र हैं, तो आप मतदान दिवस से पहले मतदान कर सकते हैं। मतदान दिवस से पहले मतदान करने के केंद्र मतदान दिवस से दो सप्ताह पहले के सोमवार से खुल जाएँगे। खुलने की तारीख़ें व समय अलग-अलग हो सकते हैं, इसलिए प्रत्येक केंद्र के उपरोक्त विवरण जानने के लिए **aec.gov.au/where** पर जाएँ।

मतदान दिवस से पहले मतदान करने के बारे में अधिक जानकारी के लिए और यह पता लगाने के लिए कि क्या आप पात्र हैं, **aec.gov.au/early** पर जाएँ या **13 23 26** पर फ़ोन करें।

### मतदान दिवस से पहले डाक द्वारा मतदान कैसे करें

पात्र मतदाताओं के लिए डाक द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध है। **aec.gov.au/pva** पर या क्यू आर कोड स्कैन करके अपनी पात्रता जाँचें और ऑनलाइन आवेदन करें।

यदि आपके पास ऑनलाइन सुविधा नहीं है और आप डाक द्वारा मतदान करने के लिए आवेदन करना चाहते हैं तो कृपया **13 23 26** पर फ़ोन करें।

डाक द्वारा मतदान करने के लिए अपना आवेदन पत्र समय पर पूरा करें ताकि यह **मतदान के दिन से पहले के बुधवार को शाम 6 बजे से पहले** AEC के पास पहुँच जाए।

# मतदान स्थल पर क्या होता है

1. जब आप मतपत्र दिए जाने वाले स्थान पर पहुँचेंगे तो एक मतदान अधिकारी आपसे आपका पूरा नाम और पता पूछेगा, और यह भी पूछेगा कि क्या आपने 2023 के जनमत-संग्रह में पहले ही मतदान कर दिया है। आपका नाम मतदाता सूची में चिह्नित कर दिया जाएगा।
2. आपको आपका मतपत्र दे दिया जाएगा।
3. मतपत्र पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।
4. अपना मतपत्र पूरा करें।
5. जब आप अपना मतपत्र पूरा कर लें, तो उसे फ़ोल्ड करें और वहाँ उपलब्ध मतपेटी में डाल दें।
6. यदि आपने AEC द्वारा दी गई पेंसिल का उपयोग किया है, तो बाहर जाते समय उसे बॉक्स में जमा कर दें। बाहर जाने के द्वार के पास हाथों के लिए सैनिटाइज़र उपलब्ध होगा।

**याद रखें, यदि आपको सहायता की आवश्यकता है, तो आप किसी भरोसेमंद व्यक्ति को अपने साथ ला सकते हैं या किसी मतदान अधिकारी से सहायता माँग सकते हैं।**

**AEC अपने मतदाताओं और कार्यकर्ताओं की सुरक्षा को गंभीरता से लेता है। AEC COVID-19 संबंधी वातावरण की लगातार निगरानी कर रहा है और संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों की सलाह का पालन करता है। इस मार्गदर्शिका में दी गई जानकारी इसके छपने के समय की परिस्थितियों को दर्शाती है। इसलिए लागू उपायों में बदलाव हो सकता है।**

**हाथों के लिए सैनिटाइज़र उपलब्ध होगा और आपको प्रोत्साहित किया जाता है कि आप फ़ेस मास्क अपने साथ लाएँ और पहनें और शारीरिक दूरी बनाए रखें। आप AEC द्वारा प्रदान की गई स्वच्छ पेंसिल का उपयोग कर सकते हैं या आप अपनी स्वयं की पेंसिल या पेन ला सकते हैं।**

Authorised by the Electoral Commissioner, 10 Mort Street, Canberra

# अपना वोट गिनती में कैसे शामिल करवाएँ


इस जनमतसंग्रह के लिए आपको एक मतपत्र दिया जाएगा जिसमें ऑस्ट्रेलियाई संविधान में प्रस्तावित परिवर्तन की जानकारी दी होगी।

मतपत्र पर:

यदि आप प्रस्तावित परिवर्तन से सहमत हैं तो **YES** लिखें

**या**

यदि आप प्रस्तावित परिवर्तन से सहमत नहीं हैं तो **NO** लिखें



Commonwealth of Australia

BALLOT PAPER

State/territory

Referendum on proposed Constitution alteration

DIRECTIONS TO VOTER

Write "YES" or "NO" in the space provided opposite the question set out below.


A PROPOSED LAW:
There would be a description of the proposed constitutional change here.

DO YOU APPROVE THIS PROPOSED ALTERATION? YES

WRITE "YES" OR "NO"



मतपत्र का नमूना



Commonwealth of Australia

BALLOT PAPER

State/territory

Referendum on proposed Constitution alteration

DIRECTIONS TO VOTER

Write "YES" or "NO" in the space provided opposite the question set out below.

A PROPOSED LAW:
There would be a description of the proposed constitutional change here.

DO YOU APPROVE THIS PROPOSED ALTERATION? NO

WRITE "YES" OR "NO"



मतपत्र का नमूना

आपको अपना उत्तर अंग्रेज़ी में लिखना होगा

यदि आपसे कोई ग़लती हो जाए तो चिंता न करें।
आप एक और मतपत्र माँग सकते हैं और उसे भर सकते हैं।

**18 वर्ष और उससे अधिक आयु के ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों के लिए मतदान करना अनिवार्य है। यदि आप मतदान नहीं करते हैं, तो आप पर जुर्माना लगाया जा सकता है या मुक़दमा चलाया जा सकता है। यदि आप एक से अधिक बार मतदान करते हैं तो यह दंडनीय अपराध है।**

निर्वाचन आयुक्त, 10 मोर्ट स्ट्रीट, कैनबरा द्वारा अधिकृत | Authorised by the Electoral Commissioner, 10 Mort Street, Canberra